बर्षः- 05
अंकः- 355
मुरादाबाद
(Monday)
20 April 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## बांकुरा में गरजे PM मोदी, कहा- TMC के गुंडों को 4 मई से पहले आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका



पीएम मोदी आज पश्चिम बंगाल के बांकुरा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने टीएमसी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों दलों को महिला विरोधी बताया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के गुंडों को 4 मई से पहले आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका है।पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में आज प्रधानमंत्री मोदी राज्य के बांकुरा में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य की सत्ताधारी दल टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों।टीएमसी ने कांग्रेस के साथ साजिश रची- प्रधानमंत्री- पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2029 में महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक पारित होने से रोकने के लिए टीएमसी ने कांग्रेस के साथ साजिश रची, उन्हें कांग्रेस द्वारा दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस दोनों आदिवासी विरोधी हैं, और राष्ट्रपति चुनाव के दौरान द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उम्मीदवार खड़े किए थे। टीएमसी, जो घुसपैठियों को फायदा पहुंचाने के लिए हर कानून तोड़ती है और धर्म के आधार पर आरक्षण देती है, महिला सशक्तिकरण का विरोध करती है। टीएमसी कुर्मी समुदाय की शिकायतों को नहीं सुनती, बल्कि अपने वोट बैंक को आरक्षण देना चाहती है।टीएमसी के गुंडों को आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका

जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मैं टीएमसी के गुंडों को चुनाव से पहले पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका देता हूं, क्योंकि 4 मई को परिणाम आने के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि इस साल के बंगाल चुनाव ऐतिहासिक होंगे क्योंकि जनता टीएमसी के भय को खत्म करेगी और भाजपा के भरोसे को जनादेश देगी। बांकुरा में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह पीएमएवाई के तहत महिलाओं को घर बनाने के लिए 1.5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो महिलाओं को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। अगर किसी महिला के परिवार में किसी को गुर्दे की बीमारी है, तो उन्हें सरकारी अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। इसका एक भी रुपया खर्च नहीं होगा। बंगाल की बहनों को हर साल 36,000 रुपये मिलेंगे। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये दिए जाएंगे। केंद्र सरकार भी बहनों को संतान प्राप्ति के बाद उनकी बेटियों की शिक्षा के लिए 5,000 रुपये देगी। कुल मिलाकर 50,000 रुपये दिए जाएंगे... मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 20 लाख रुपये मिलेंगे। कृषि से जुड़ी महिलाओं को सालाना 9,000 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे... भाजपा की दो इंजन वाली सरकार बंगाल की बहनों को दोहरा जनादेश देने जा रही है।% पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव सीटें 294, बहुमत 148 - 4 मई को नतीजे- पहला चरण (152 सीटें) - मतदान- 23 अप्रैल दूसरा चरण (142 सीटें)- मतदान- 29 अप्रैल बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए इस बार मुकाबला काफी कड़ा माना जा रहा है। टीएमसी जहां चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को न्याय दिलाएगी सरकार- गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष पर हमलावर; तमिलनाडु में बढ़ाई चुनावी गर्मी

गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु में एक चुनावी जनसभा को संबोधत करते हुए कांग्रेस और डीएमके पर करारा हमला बोला है। इन पार्टियों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। लेकिन सरकार इनकी साजिश सफल नहीं होने देगी।तमिलनाडु के इरोड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की वजह से संसद और विधानसभा में महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है।सरकार विपक्ष की साजिश सफल नहीं होने देगी-अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीति में ज्यादा भागीदारी दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। %हष्ठ सरकार बनने पर राज्य में खत्म होगा भ्रष्टाचार%- चुनावी सभा के दौरान अमित शाह ने तमिलनाडु की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर एआईएडीएमके और भाजपा की सरकार बनती है

## विपक्ष के पास महिला अपराधों के पाप से मुक्ति पाने का मौका था, योगी बोले-मगर,द्रौपदी चीर हरण जैसा कर दिया



राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को घेरा। कहा कि विपक्ष नहीं चाहता है कि महिलाओं को सम्मान मिले। इससे आधी आबादी में आक्रोश है। ये लोग वोट की ताकत से विपक्ष को सबक सिखाएंगी। राजधानी लखनऊ में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की और विपक्ष को घेरा।इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। मुस्लिम बहनों के लिए आरक्षण की मांग करते हैं, जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दिन विपक्ष ने महिलाओं की अपेक्षाओं में पानी फेरा है। उस दिन को उन्होंने काला दिन बना दिया। इसके विरोध में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। आने वाले समय में वोट की ताकत से भी महिलाएं विपक्ष को सबक सिखाएंगी। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था देश में चार ही जाति है। नारी, युवा, गरीब और किसान। भारत को कमजोर करने की नीयत से जिन्होंने जातिवाद के नाम पर देश को लूटा है उनके लिए ये एक चुनौती थी। इसीलिए, उन्होंने ऐसे प्रोग्रेसिव कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर ने विरोध किया है। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण को लेकर भारी आक्रोश है। कांग्रेस, सपा, आरजेडी, तृणमूल, डीएमके जैसे जो दल इस पाप में भागी थे, उनसे आधी आबादी आक्रोशित है। ये लोग सुधारवादी कदमों के बैरियर के रूप में आगे जाकर षडयंत्र करता है। आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था उन्होंने कहा कि महिला संगठनों ने महिला आरक्षण बिल को 2023 के बजाय 2029 में लागू करने की मांग की। सरकार विशेष अधिवेशन भी लेकर आई। कुछ राज्यों ने उनके हक को कम करने की चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री के तय किया था, किसी का हक न मारा जाए, इसलिए आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था। 2011 की जनगणना के मुताबिक उत्तर और दक्षिण के राज्यों में सीटें बढ़नी थीं। इससे नारी को उसका स्वाभाविक अधिकार मिलता। लोगों ने न जाने क्या क्या बात कही। सपा ने मुस्लिम आरक्षण की बात कही। संसद में द्रौपदी के चीर हरण जैसा दृश्य था सीएम ने कहा कि संसद का विशेष अधिवेशन इसी बात के लिए हुआ था, राज्यों के हक का भी इस दौरान पूरा ध्यान रखा गया। सभी राज्यों में सीटें समान अनुपात में बढ़ाई गई, किसी का हक कम नहीं होना था।

उत्तर के राज्य हों या दक्षिण के राज्य। सदन के अंदर इंडी गठबंधन की टिप्पणियां, द्रौपदी के चीर हरण जैसा दृश्य था। समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण के बात की, ये संविधान की दुहाई देने वाले लोग बाबा साहब की भावना के विपरीत आचरण करते हैं। संविधान बनते वक्त धर्म के आधार पर आरक्षण की बात आई तो बाबा साहब ने कहा था के एक बार विभाजन हो गया, दोबारा विभाजन नहीं हो सकता। प्रोग्रेसिव कदम था। वो तब कहां थे जब शाह बानो प्रकरण में कांग्रेस ने पाप किया था। पीएम मोदी ने देश में ट्रिपल तलाक पर कानून बनाया तो भी इन लोगों ने विरोध किया था। आज महिलाओं के हक की दुहाई देने वालों ने देश में सबसे अधिक समय तक शासन किया

## महिला आरक्षण बिल पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा, बोले- भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश में थी



राजधानी नें प्रेस वार्ता करके सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण बिल पर बीजेपी को घेरा। कहा कि भाजपा %नारी% को %नारा% बनाने की कोशिश में थी। इस मौके पर उन्होंने फतेहपुर में चाय पिलाने वाले लड़के को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय बुलाकार उससे पूरी बात जानी। राजधानी लखनऊ में रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बीजेपी पर जबरदस्त निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा %नारी% को %नारा% बनाने की कोशिश में थी। लेकिन, विपक्ष ने उनको अपने मंसूबों पर सफल नहीं होने दिया। जब भाजपा जनगणना नहीं करा सकता, तो महिलाओं को आरक्षण कैसे देंगे? उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनगणना कराएगी तो जातीय जनगणना की बात उठेगी। लेकिन, ये सरकार उनका हक नहीं देना चाहती। हम आधी आबादी को हक देना चाहते हैं, लेकिन वो आधी आबादी कौन सी होगी, ये कौन तय करेगा? विपक्ष सही मायनों में अब देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। भाजपा पहले लोगों को छोटे गुटों में बांटती है, फिर उनको डर दिखाती है। कहती है तुम खतरे में हो, हमारे साथ आ जाओ। भाजपाई सत्ता पाने के लिए कितना भी नीचे गिर सकते हैं। सपा मुखिया ने आगे कहा कि भाजपा का सीएमएफ फार्मूला यानी क्रिएट मिस्ट्रस एंड फियर अब पिट चुका है। इनकी चाल जनता के सामने खुल चुकी है। इसलिए, इनकी हार होना शुरू हो गई है। एकता को बांटने के लिए भाजपाई अब महिलाओं के बीच खेल खेल रहे हैं। लेकिन, अब महिलाएं ही भाजपा को हराएंगी। भाजपा वाले पुरुषों की सत्ता में विश्वास रखते हैं। भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी उन्होंने कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने वाला होता है, या फिर छल छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकता ने उनके मंसूबों के धूल चटा दी। ये भाजपा के खिलाफ देश में संकरी हो चुकी जन चेतना की जीत है। महिला आरक्षण बिल के सहारे भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी। परिसीमन के रूप में यह बिल भी नारी का हरण करने आया था।

## महिला आरक्षण पर सियासी घमासानः प्रधानमंत्री मोदी ने देश को किया गुमराह, सीएम ममता बनर्जी का केंद्र पर आरोप



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण विधेयक के बहाने करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इस विधेयक के नाम पर देश को गुमराह किया है। सीएम ने ये भी कहा कि सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए महिलाओं के मुद्दे को ढाल बना रही है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर बहस लगातार जारी है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर देश को गुमराह किया है। ममता बनर्जी ने इसे गहरी निराशाजनक स्थिति बताया और कहा कि देश को सच्चाई बताने के बजाय गलत तरीके से पेश किया गया।ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस हमेशा से महिलाओं की राजनीति में ज्यादा भागीदारी की समर्थक रही है। उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि उनकी पार्टी में लोकसभा और राज्य विधानसभा दोनों में महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा है। लोकसभा में उनकी पार्टी के करीब 37.9 प्रतिशत सांसद महिलाएं हैं, जबकि राज्यसभा में लगभग 46 प्रतिशत महिला सदस्य हैं। उन्होंने साफ कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि जिस तरीके से केंद्र सरकार इस मुद्दे के साथ %परिसीमन% को जोड़ रही है, उसका विरोध कर रही है। ममता का आरोप है कि सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए महिलाओं के मुद्दे को ढाल बना रही है। यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में लोकसभा में 2029 से लागू होने वाले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़ा बिल पास नहीं हो सका। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए कहा था कि देश की महिलाएं उन्हें 卐कन्या भ्रूण हत्या जैसे पाप卐 के लिए सजा देंगी।इस पूरे मामले में अब राजनीति और तेज हो गई है। एक तरफ केंद्र सरकार विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है, तो दूसरी तरफ विपक्ष, खासकर ममता बनर्जी, सरकार पर राजनीतिक फायदा उठाने और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगा रही हैं। आने वाले समय में यह मुद्दा और बड़ा राजनीतिक विवाद बन सकता है।

## संपादकीय Editorial

### This is "economic terrorism."

On President Trump's orders, the US Navy has initiated a blockade of the Strait of Hormuz. Restrictions have been imposed on Iranian ports. The US will also blockade ships that have been passing through Iran after paying tolls. These ships will also be stopped and inspected. A new dimension of the war has opened up. Could Iran's resistance now trigger a "sea war"? Since Iran exports 90 percent of its crude oil to China, China has warned that it has an agreement with Iran, and should not interfere. Russia is also with China on this issue. Could a new conflict between China and Russia versus the US now emerge? Let us be clear: there is no possibility of a world war, as some TV channels are creating a sensation. However, what the US and Iran are doing through the blockade is definitely "economic terrorism." If we consider the Asian continent, comprising India, China, and Japan, approximately 3.89 billion people are deprived of oil, gas, and other goods. The blockade has led to a 59% increase in global inflation. An average of 3 billion barrels of oil passed through the Strait of Hormuz every day. Serious shortages of food, beverages, and fertilizers are emerging. India also imported 35-40 percent of its crude oil through the Strait of Hormuz. The Indian government has a strategic reserve of only 9.5 days, with the remaining 64.5 days held by oil companies. Considering India's population, this is a drop in the ocean. The direct effects of the Iran war and now the blockade of Hormuz are also being felt on Indian industry. For example, Rajasthan's henna trade, which used to ship goods to the Gulf countries, has come to a standstill, with goods worth ?3 billion (approximately $1.5 billion). Additionally, the glass bangle industry, ceramic tiles, plastics industry, and agriculture are facing severe crisis due to fertilizer shortages. Despite the government's claims and sympathies, the country has already suffered losses of ?22 billion. Nearly 550,000 restaurants and small hotels have either closed or are on the verge of closure. Workers are fleeing to their villages or staging violent protests outside companies in Noida, Haryana. Vehicles have also been set on fire. In this "economic emergency," how can companies even pay workers adequate wages, as their products are lying idle? Exports are impossible. India exports ?19 lakh crore annually to Gulf countries. This is no ordinary amount. India has once again purchased 1.975 million barrels of crude oil from Russia, the same as in 2025. However, due to US threats and fear of tariffs, India had reduced this purchase to 600,000 barrels. Similarly, it has also stopped importing oil from Iran since 2019. Currently, two tankers of Iranian oil (2 million barrels each) have arrived on Indian shores. We are now forced to import crude oil from countries like the United States, Algeria, Angola, Oman, and more. India's foreign policy, oil import policy, and storage policy are questionable. In fact, we only start digging wells when the fire is raging. Oil storage today is the same as it was in 2014, when Narendra Modi became Prime Minister. China has 110-140 days of storage, and Japan has 254 days of storage. However, the blockade that the United States and Iran are currently implementing, deploying warships, fighter jets, submarines, missiles, drones, and landmines, seems to be far from concerned about the rest of the world. Allies like France, Britain, Italy, and Spain have opposed President Trump's blockade. They are separately considering their own "peace mission." Along with Iran, the US is also targeting China, whose oil supplies have also been monitored. Overall, if these actions are not "economic terrorism," then what are they?

# Bengal Needs Economic Renaissance

This article analyzes the economic decline of West Bengal, once India's industrial hub. This decline, which began in the 1960s, is the result of political policies, economic inequality, and law and order challenges. Bengal was once India's leading industrial and economic center. Political policies and Naxalism fueled the exodus of industries. Revival is possible only through economic reforms and voter awareness. Freedom fighter Gopal Krishna Gokhale said, "What India thinks tomorrow, Bengal thinks today." His quote was apt for West Bengal at the time of independence. Bengal was a center of cultural and social renaissance as well as the country's industrial and economic development, and Calcutta (now Kolkata) was its crown jewel. At the time of independence, Calcutta was the largest center of industry and trade, with a GDP equal to Shanghai's and an average income even higher. Bengal alone used to produce a quarter of the country's goods and contribute the largest share to the country's GDP. However, after independence, and especially since the 1960s, the fortunes of Bengal and Calcutta have taken such a turn that today, less than three percent of the state's goods are produced, and its contribution to GDP has declined to just 5.6 percent. Per capita income has also slipped from first place to 21st. In the Human Development Index of states, it has fallen from 22nd to 25th. Odisha has also overtaken it. The real reasons for this decline lie in Bengal's politics, economic inequality, and law and order, which state governments have consistently ignored. Growing economic inequality led to the violent Naxalbari movement in the 1960s, which both the state and central governments failed to curb. This led to a breakdown in law and order, and the small and medium-sized businesses, considered the backbone of the state economy, began migrating in droves. By the 1970s, syndicates of labor unions began to form, harassing large industries with strikes and blockades. Fearing this, not only prevented new investors from coming, but even established major industrial houses began withdrawing their operations from Kolkata. Tata and Birla's business headquarters moved to Mumbai, and factories along the Hooghly, from Hindustan Motors, the maker of Ambassador cars, to Dunlop Tires, closed one by one. The 1970s were a decade of labor movements worldwide. Workers in factories not only in Kolkata but also in Ahmedabad and Mumbai were staging strikes, blockades, and protests. During this period, the people of Bengal gave a massive mandate to the Left Front, and Jyoti Basu became Chief Minister. He served as Chief Minister for 23 years. His governments, and those of Buddhadeb Bhattacharya, who followed him for 11 years, prioritized government control and redistribution rather than encouraging private investment to create industry and employment, and channeling the resulting revenue into social justice. This was the same period when the Chinese Communist Party, learning from the devastation caused by Mao's policies of government control and redistribution, was moving toward industrialization through foreign capital investment. Ten years later, the Soviet Union also dissolved due to the failure of seventy years of government control and redistribution policies, and Russia moved toward private industry. But Bengal, which saw a future beyond its own country, did not see this. Forced by the balance of payments crisis, the Indian government also adopted economic liberalization policies in 1991, benefiting from which states like Karnataka, Telangana, Tamil Nadu, Delhi, Gujarat, and Haryana began rapid industrialization. But despite the exodus of businesses and declining average incomes, the people of Bengal, despite facing the same governments in the same elections, continued to elect the same governments that were ruining the state's economy. After electing Left Front governments seven times, the people of Bengal gave the Trinamool Congress its mandate in 2011, and Mamata Banerjee became Chief Minister. It was unclear whether her party received a mandate to attract industries or to drive them away from the state, as her influence in Bengal politics stemmed from her leadership of the movement against the land given to the Tata Group in Singur for its Nano car factory. During Mamata Banerjee's 15-year rule, the exodus of industries from the state continued, with approximately 6,800 small and large companies leaving, leading to a debt burden exceeding 38 percent of GDP. Today, 56 percent of the state budget is spent solely on debt interest payments, salaries, and pensions. Another 46 percent of the budget is spent on public welfare schemes and beneficiary programs launched to build vote banks, funded through loans. Consequently, the government has little to invest in improving infrastructure and promoting industrial development. This situation cannot last long without radical reforms to economic policies. Bengal's geographical location is unique. It has the country's oldest port and is the center of maritime trade with Northeast India, as well as Nepal and Bhutan. Despite its mineral wealth, rich heritage, and an industrial hub like Kolkata, it has failed to become the country's engine of development. Without making Bengal the engine of development, neither Eastern India nor India can truly develop. Bengal will not progress until its voters make development and law and order key election issues. Tamil Nadu And one reason for Karnataka's industrial growth is that its voters consistently replace governments pursuing wrong economic policies. This keeps governments on their toes. Perhaps it's time for Bengal's voters to wake up as well.

# Noida erupts over wage hike demands: Chaos looms amid protests

This is also a residential area, and the workers' violence has also exacerbated the unrest. Workers have the right to voice their demands, but if they resort to violence, they will only harm themselves. Workers' protests and stone-pelting continue in Noida. Large-scale violence erupted over the demand for a wage hike. The state government announced a pay hike and formed a committee. It is not a good sign that the stone-pelting and protests by workers in Noida, Gautam Buddha Nagar, adjacent to Delhi, are showing no signs of abating. The widespread vandalism and arson committed by workers in Noida recently suggests a deep-seated conspiracy, as it is not uncommon for a large number of workers to suddenly take to the streets and resort to anarchy to terrorize the public. The police are highlighting a conspiracy in the workers' unrest, but why did they not detect it in time? The government and administration should have been aware of the growing discontent among workers in Noida, as the issue of wage increases had surfaced several days earlier, especially when workers in Gurugram, Haryana, received a pay hike. This also affected workers in neighboring Noida. Although the District Magistrate made several decisions to address their dissatisfaction regarding bonuses, overtime, salary payment timing, and other issues, and also promised to address their remaining issues, the workers remained unsatisfied. Was it because someone was inciting them to violence? This suspicion is strengthened by the fact that, firstly, even establishments where wage reductions were not an issue for workers were targeted, and secondly, just yesterday, women working as domestic helpers also took to the streets. After all, their wages are determined by their demands. Generally, they are not forced to work for less money. It's true that, following the Noida workers' violence, the state government has decided to increase their wages and formed a committee to consider their demands. However, the central government should also be vigilant in this matter, as the labor unrest in Noida could impact other states. Labor unrest in the country is nothing new, but it's certainly true that it's been a long time since workers resorted to such widespread violence anywhere in the country. Keep in mind, Noida isn't just an industrial area; it's also a residential area, and ordinary people are also suffering from labor violence. Workers have the right to voice their demands, but if they resort to violence in the name of this, they will only harm themselves. If factories in Noida remain closed for long periods due to fear of their violence, they will suffer the most. Since entrepreneurs will also suffer losses, their perspective should also be heard.

# The Strait of Hormuz and Trump's Compulsion

Trump hinted at peace talks with Iran. He spoke of opening the Hormuz Seaway on China's assurances. To avoid war, both sides will have to be flexible. Amidst hints of resuming peace talks with Iran, US President Trump's talk of opening the Hormuz Seaway to China, as well as to everyone else, suggests that he is finally being forced to conclude that war will not solve any problems. Perhaps this is why he also stated that the war could end soon. Since Iran is also saying that it is not in favor of war, it can be said that the ceasefire will continue and both sides will take steps to make it permanent. It would have been better if Trump had understood the futility of attacking Iran when he decided to attack it with Israel while negotiations were ongoing. In a way, Trump appears to be back where he was on February 28th, before the attack on Iran.

The way he talked about opening the Strait of Hormuz on China's assurance that it would not supply weapons to Iran suggests he was looking for a way to retreat. China's assurances fulfilled his quest, but everyone knows that China was assisting Iran in every possible way during the 40-day war. Western media outlets are reporting how Iran targeted US bases in the Gulf countries with the help of Chinese spy satellites. The close ties between Iran and China are no secret. Despite US sanctions, China was buying oil from Iran. This is why when Trump announced the blockade of Hormuz, Iran strongly objected. Iran has special relations with China and Russia, and it is no secret that these three countries are unwilling to accept American dominance and continue to challenge it. It is a fact that despite all his efforts, Trump could not end the Russia-Ukraine war and had to bow to China on the tariff issue.

Iran also did not care about his sanctions. It is not surprising that Trump is ready to go to China and expects the President there to embrace him. At present, it is difficult to say whether the second round of talks between the US and Iran will reach any concrete results, but if both sides want to avoid disaster, they will have to abandon their stubborn attitude.

Just as Iran must understand that it cannot govern itself, America too must digest the harsh truth that it can no longer govern the world according to its own wishes.

# जयंतीपुर नई में मिट्टी डालकर छोड़ दी सड़क, बनाना भूल गए जिम्मेदार, नालियों में गंदगी बेशुमार

मुरादाबाद के वार्ड 53 जयंतीपुर नई आबादी में सड़क की स्थिति बेहद खराब है। करीब 11 साल बाद सड़क निर्माण की शुरुआत तो हुई, लेकिन नगर निगम सिर्फ मिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ गया। अब उड़ती धूल से दुकानदार और मुरादाबाद के वार्ड नंबर 53 जयंतीपुर इलाकों की तरह बदहाल है। यहां की कोशिश भी हुई तो आधी-अधूरी। निगम ने मिट्टी डालकर काम छोड़ स्थानीय दुकानदार और अन्य लोग निर्माण कब होगा, इस बारे में स्थानीय मिल रहा है। जयंतीपुर नई आबादी 11 साल पहले मस्जिद की तरफ किया गया था।उसके बाद सड़क में लोगों ने सड़क के निर्माण की मांग ने सड़क निर्माण के लिए मिट्टी गिर नहीं किया। इस कारण दुकानदार और रोड से मस्जिद में नमाजी नमाज पढ़ने मुनाजिर ने बताया कि रोड पर मिट्टी निर्माण कार्य नहीं हुआ। इस वजह से लोग भी परेशान हो रहे हैं। नालियों परेशान हैं। सरताज का कहना है कि



स्थानीय लोग परेशान हैं। नई आबादी का हाल भी अन्य एक दशक बाद सड़क बनाने सड़क निर्माण के लिए नगर दिया।अब वही मिट्टी उड़ने से परेशान हो रहे हैं। सड़क का लोगों को सिर्फ आश्वासन ही के लोगों का कहना है कि करीब जाने वाली इस रोड का निर्माण गहरे गड्ढे हो गए थे। स्थानीय की। एक माह पहले नगर निगम दी लेकिन सड़क का निर्माण स्थानीय लोग परेशान हैं। इसी के लिए जाते हैं। दुकानदार डालने के बाद एक माह से धूल दुकानों में घुस रही है। आम की गंदगी से लोग पहले से इस रोड से नमाजी मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं। इस दौरान सिर और नाक ढककर चलना पड़ता है। वर्षों बाद मिट्टी गिरी लेकिन सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हो सका। ठेकेदार को शीघ्र सड़क का निर्माण करना चाहिए। जयंतीपुर नईबस्ती निवासी मेहंदी हसन का कहना है कि सड़क के नाम पर मिट्टी और धूल पड़ी हुई है। नालियों की स्थिति ठीक नहीं है। स्थानीय लोग काफी समय से परेशानी झेल रहे हैं। नगर निगम को व्यवस्था शीघ्र ठीक करनी चाहिए। मिठाई दुकानदार हाकिम का कहना था कि दुकानों में धूल आने से कारोबार चौपट हो रहा है। खाने वाले सामान को काफी ढककर रखना पड़ता है। सड़क पर रोज पानी डालना पड़ता है लेकिन उसका प्रभाव कुछ देर के लिए ही रहता है। जयंतीपुर नई आबादी निवासी फैजान का कहना है कि यहां सभी नालियां भरी हुई हैं। सफाई नहीं होने के कारण काफी लोग परेशान रहते हैं। नगर निगम को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दुकानदार जाकिर हुसैन का कहना था कि एक माह पहले मिट्टी गिरने के बाद कारोबार आधा हो गया है। यदि सड़क का समय से निर्माण हो जाता तो कारोबार बढ़ सकता था। साथ ही आम लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। दुकानदार अब्बास अली का कहना है कि धूल के चलते ग्राहक आना कम हो गए हैं। मिठाई का सामान दुकान में होने के कारण काफी सुरक्षा करनी पड़ती है। रोजी रोटी काफी प्रभावित हो रही है। सड़क का शीघ्र निर्माण होना चाहिए। जयंतीपुर नई आबादी के रहने वाले सदाकत का कहना है कि यहां रोड और नालियों की स्थिति काफी खराब है। नगर निगम को सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। सफाई कर्मचारी खाना पूर्ति कर चले जाते हैं।

# आंधी का कहर, चार की मौत और सात घायल, बिजली के पोल गिरने और तार टूटने से 50 से अधिक गांवों में सप्लाई बाधित

मुरादाबाद मंडल में आंधी का कहर देखने को मिला। इसमें चार की मौत और सात घायल हो गए। दो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल गिरने और तार टूटने से 50 से ज्यादा गांवों में 10 से 12 घंटे सप्लाई बाधित रही। एक दर्जन से ज्यादा पेड़ गिरने से साबित हुई। अलग-अलग इलाकों में आंधी ज्यादा लोग घायल हुए हैं। आंधी का कहर गिरने और तार टूटने से 50 से ज्यादा गांवों में पेड़ गिर गए जिससे कई जगह रास्ते अवरुद्ध के दलपतपुर में शुक्रवार रात करीब 11.30 दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। दोनों छत रहे थे। तभी बगल में उनके भाई बिदरीश की दीवार गिरने से इदरीस और फातमा दब गए। घोषित कर दिया।अमरोहा के मंडी धनौरा के पायल सैनी की छत से गिरकर मौत हो गई। वह छत की मुंडेर नहीं देख सकी और नीचे तरह से संभल के ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के की छत पर गिर गई। इसका मलबा छत को



भी नुकसान हुआ है।मुरादाबाद मंडल तेज आंधी में जानलेवा के कारण दंपती सहित चार लोगों की मौत जबकि सात से इतना था कि करीब दो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल 10 से 12 घंटे तक बिजली गुल रही। एक दर्जन से ज्यादा हुए। तेज आंधी के कारण मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र बजे इदरीस (55) और उनकी पत्नी फात्मा (50) की पर सो रहे थे। आंधी के दौरान वह सीढ़ियों से नीचे उतर मकान की छत पर बना टीनशेड उड़ गया और उसकी उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत शहबाजपुर गुर्जर में 13 साल की कक्षा सात की छात्रा वह छत से कपड़े उतारने गई थी, तभी तेज आंधी के कारण गिर गई। सिर में चोट लगने से उसकी जान चली गई।इसी गांव भटपुरा में पड़ोसी की दीवार मुन्नी देवी नामक महिला तोड़ता हुआ नीचे गिर पड़ा। इसमें दबकर मुन्नी की धेवती प्रियांशी (10) की मौत हो गई जबकि मुन्नी और उनकी बेटी ममता व ज्योति घायल हो गईं।उधर, अमरोहा में हसनपुर के मोहल्ला मुबारकपुर कला में नदीम सलमानी नामक व्यक्ति किराए के मकान में रहते हैं यहां आंधी से मकान की दीवार छत पर ढह गई। इससे छत टूटने और उसका मलबा नीचे गिरने से कमरे में बैठी नदीम की पत्नी शबाना और उसकी बेटी उजमा घायल हो गईं।रामपुर में सैफनी के भजनपुर गांव में शुक्रवार रात करीब 12 बजे आंधी के कारण मकान के बरामदे की कच्ची छत भरभराकर गिर गई, जिससे नीचे सो रही 14 वर्षीय किशोरी सुमाईला मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई।इसी तरह से धमोरा में शहजादनगर थाना क्षेत्र के मड़ैयान उदयराज गांव में छत पर रखी टिन उड़कर एक मीरा नाम महिला के ऊपर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके चेहरे और आंख में चोटें आईं हैं।पोल व पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था चरमराई- शुक्रवार रात आई आंधी ने पूरे मंडल में बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। अमरोहा में कई जगह पेड़ गिरने से आधे शहर की बिजली गुल हो गई। हाशमी नगर में दो विद्युत पोल गिर गए और शहर के लिए आने वाली लाइन के तार भी टूट गए।बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को पानी की भी काफी समस्या हुई। करीब 12 घंटे बाद बिजली की आपूर्ति ठीक हो सकी। हसनपुर एवं बुरावली में पेड़ गिरने से शहर में 10 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।पेड़ गिरने से बुरावली बिजलीघर से जुड़े करीब 30 गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। चंदौसी में मुरादाबाद बाईपास रोड स्थित शिवा होटल के पास खड़ा एक पुराना पेड़ तेज आंधी में जड़ समेत उखड़कर गिर गया।पेड़ बनियाठेर निवासी देवकी नंदन की बाईपास पर स्थित चाय की दुकान और शिवा होटल की दीवार पर जा गिरा। इससे पेड़ के नीचे चाय का खोखा दब गया और होटल की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई।मिलक में अलग-अलग स्थानों पर छह बिजली के पोल गिरने से 10 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई जो करीब 15 घंटे बाद बहाल हो सकी। रामपुर जिले में आठ बिजली के पोल गिरने से कई जगह आठ से 10 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।मिलक में भी तीन पोल गिर गए। इसी तरह से रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा और संभल में अलग-अलग जगहों पर एक दर्जन से ज्यादा पेड़ गिरने से भी बिजली आपूर्ति बाधित रही और सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

## ठाकुरद्वारा बवाल: गांव में तनाव के बीच भारी पुलिस तैनात, दूसरे पक्ष ने 13 को किया नामजद, भाजपा में घमासान

नारायणपुर छंगा गांव में हुए बवाल में एक और एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें 13 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों पर गाड़ियों में तोड़फोड़, घर में घुसकर हमला, फायरिंग और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले भी इसी मामले में भाजपा नेता समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है।नारायणपुर छंगा में बृहस्पतिवार को भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के जन्मदिन की पार्टी में आए लोगों और ग्रामीणों के बीच बवाल के मामले में एक और एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर भाजपा नेता अजय प्रताप के समर्थक की ओर से दर्ज कराई गई है।इसमें अनुसूचित जाति के 13 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। वाहनों में तोड़फोड़, घर में घुसकर हमला और खुद डॉ. आंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर माहौल खराब करने का आरोप लगाया गया है।भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के कार्यक्रम के बाद बृहस्पतिवार की रात करीब दस बजे नारायणपुर छंगा गांव में जमकर बवाल हुआ था। शुक्रवार को गांव और कोतवाली में राजनीतिक दलों के हंगामा और प्रदर्शन के बाद भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह, उनके भाई अभय प्रताप सिंह समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसकी विवेचना सीओ आशीष प्रताप सिंह को सौंपी गई है। शनिवार को पुलिस ने ठाकुरद्वारा के रमनावाला निवासी मिशरचंद की तहरीर पर एक और रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें बताया गया है कि 16 अप्रैल को नारायणपुर छंगा में भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह का जन्मदिन था।जिसमें सुबह रक्तदान का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में उसका बेटा मंगेश कुमार भी गया था। रात को भोजन की व्यवस्था की गई थी। रात 10ः00 बजे भोजन चल रहा था। इसी दौरान बाहर से आए एक व्यक्ति ने बताया कि कुछ लोग बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर उसका बेटा मंगेश कुमार, सहारनपुर निवासी परवेश कुमार और कनकपुर पीपली निवासी शैलेंद्र कुमार समेत अन्य लोग बाहर आए तो उन्होंने देखा कि कुछ लोग गाड़ियों के शीशे तोड़ रहे थे। पांच गाड़ियां तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दी थीं। उन्होंने गाड़ी तोड़ने का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान तमंचे से फायरिंग भी की गई। आरोप है कि इसके बाद भाजपा नेता के तहेरे भाई निपेंद्र सिंह के घर में आरोपी घुस आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी।महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि समाज में उन्माद फैलाने के लिए हमलावर ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। आरोपियों ने एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि नारायणपुर निवासी मलखान सिंह, प्रशांत सिंह, रणवीर सिंह, कोमल सिंह, राम प्रसाद, रूपेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, राम सिंह, मोहन राज, प्रकाश वीर पबनेश, उदयवीर सिंह, रविंद्र सिंह और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में अब तक दो प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं। दोनों प्राथमिकी की विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।बवाल के बाद गांव में शांति, पुलिस मुस्तैद- शनिवार को गांव में पूरी तरह से शांति रही। अधिकांश लोग अपने घरों में ही रहे। गांव में हर तरफ पुलिस दिखाई दी। ठाकुरद्वारा के अलावा दूसरे थानों की फोर्स भी गांव में तैनात की गई है। शनिवार को गांव में पुलिस फोर्स और बढ़ा दी गई। अब पीएसी भी तैनात है। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा के लिए उसके चारों तरफ पुलिसकर्मी तैनात हैं। शनिवार को आशीष प्रताप सिंह और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार के नेतृत्व में फोर्स ने गांव में पैदल मार्च भी किया। ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।सीसीटीवी की चिप में नहीं मिला कोई सबूत- पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी की चिप में कोई सबूत नहीं मिल सका है। चिप खाली मिली है। घटना से पहले से ही गांव में बिजली आपूर्ति बंद थी। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने कहा कि आंबेडकर पार्क के पास सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जांच में पता चला कि कैमरा बंद था। हालांकि अब वहां लगे सीसीटीवी कैमरे शुरू करा दिए गए हैं।बसपा और आजाद समाज पार्टी ने की गिरफ्तारी की मांग- बसपा और आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने शनिवार को गांव नारायणपुर छंगा में अनुसूचित जाति के लोगों के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ करवाई और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव राजकुमार यादव का कहना है कि संगठन घटना की जानकारी के बाद से सक्रिय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर ने ठाकुरद्वारा आने की बात कही थी लेकिन पुलिस द्वारा इस मामले को दर्ज कर लेने की जानकारी मिलने के बाद नहीं आए। अब उनकी मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कारी चोर अनुराग: पहले जोड़े भगवान के आगे हाथ फिर मंदिर में डाला डाका, दान पात्र से निकाले रुपये

चोर ने पूछताछ में अपना नाम अनुराग शर्मा बताया है। वह पाकबड़ा के बड़ा मंदिर निवासी है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि आरोपी



बृहस्पतिवार की दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।यूपी के मुरादाबाद स्थित मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर स्थित मंदिर में घुसे चोर ने पहले हाथ जोड़े और फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दान पात्र से रुपये निकालकर भाग रहे आरोपी चोर को लोगों ने पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।महंत गौरव रतन नाथ ने दर्ज कराई रिपोर्ट मझोला थानाक्षेत्र के खुशहालपुर स्थित माता का सच्चा मंदिर के महंत गौरव रतन नाथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया कि एक युवक बृहस्पतिवार की सुबह मंदिर परिसर में संदिग्ध हालत में घूम रहा था। लोगों ने उस पर नजर रखनी शुरू कर दी। इसके बाद युवक मंदिर के अंदर चला गया और उसने पहले हाथ जोड़े। इसके बाद दान पात्र से रुपये चोरी कर लिए। इसके बाद आरोपी भागने लगा।चोर से बरामद हुए 1,237 रुपये

लोगों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उससे 1,237 रुपये भी बरामद किए गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसने पूछताछ में अपना नाम अनुराग शर्मा बताया है। वह पाकबड़ा के बड़ा मंदिर निवासी है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि आरोपी बृहस्पतिवार की दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गर्मी से बिगड़ रहा दिमाग का संतुलन, मानसिक रोगियों की संख्या दोगुनी

अप्रैल माह में ही बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों की मानसिक सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण दिमाग का केमिकल संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे स्ट्रेस, एंग्जायटी, मूड



डिसऑर्डर और स्किजोफ्रेनिया जैसे मानसिक रोगों के मामलों में तेजी आई है। शहर के मनोरोग विभाग की ओपीडी में इन दिनों बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। कुमार डायग्नोस्टिक सेंटर के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर के अनुसार बढ़ता तापमान शरीर में फील गुड हार्मोन जैसे सेरोटोनिन और डोपामिन के स्तर को प्रभावित करता है। गर्मी के कारण शरीर में डिहाइड्रेशन बढ़ता है, जिससे इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ जाता है। इसका सीधा असर दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर पर पड़ता है, जो तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संकेतों का संचार करते हैं। बताया कि तापमान बढ़ने से न्यूरोट्रांसमीटर का संतुलन बिगड़ने पर व्यक्ति के मूड, सोच और व्यवहार पर असर पड़ता है। वर्तमान में कई मरीज नींद न आने, भूख कम लगने, काम में मन न लगने और लगातार थकान महसूस होने जैसी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। ऐसे करें बचाव- - नियमित योग, प्राणायाम या सुबह की सैर करें - हल्का और सुपाच्य भोजन लें - तेज धूप में निकलने से बचें - ठंडे स्थान पर अधिक समय बिताएं - पर्याप्त नींद लें - पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं - पैक्ड और जंक फूड से दूरी बनाएं

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## भारतीय किसान संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन; चने की खरीदी में तेवड़ा अंबेडकर जयंती पर कथित अपमान से मचा बवाल, मामला आयोग और सीएम पोर्टल तक पहुंचा



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत जनपद के विकासखंड पूरनपुर के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र स्थित ग्राम नवदिया दुर्जनपुर में अंबेडकर जयंती के दौरान कथित अपमानजनक घटना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर चप्पल पहनकर पुष्प अर्पित करने का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया।घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई। लोगों ने इसे महापुरुष का अपमान बताते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। मामले में शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को संबोधित प्रार्थना पत्र तैयार किया है। साथ ही शिकायत को ऑनलाइन माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की वेबसाइट पर दर्ज कराया गया, जहां से इसे स्वीकार कर लिया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं भविष्य में बढ़ सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से दोषी के खिलाफ उदाहरणात्मक कार्रवाई की मांग की है। अब मामला आयोग और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## सिलेंडर से लगी आग से किशोर की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं






क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। नवाबगंज में शनिवार की देर रात दर्दनाक हादसा पेश आया। आग लगने के बाद झुलसे किशोर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार वर्कशॉप में सिलेंडर की गैस लीक होने की वजह से आग लगी। हादसे में तीन लोग बुरी तरह झुलसें, जिनकी स्थिति गंभीर है। घर में बेटी की शादी थी, लिहाजा हादसे के बाद तमाम खुशियां मातम में बदल गईं। घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरख मार्ग पर महावीर कुमार का मकान और दुकान है। मकान के नीचे उनके बेटे की श्री श्याम मोटर्स नाम से वर्कशॉप है। घर में महावीर अपनी बेटी की शादी की तैयारियां कर रहे थे। बेटी विनीता को शादी में देने के लिए फर्नीचर आदि सामान वर्कशॉप में रखा था। इस बीच वर्कशॉप के अंदर रखा सिलेंडर लीक हो गया। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही गैस लीक होने के बाद वर्कशॉप में आग लग गई। घर वालों ने आग लगते देखा तो सामान को बचाने का प्रयास किया। मगर आग की चपेट में आकर चार लोग झुलस गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जिसमें 13 वर्षीय अजीत की मौत हो गई। जबकि रजा हुसैन, महावीर और साहिल की हालत गंभीर बनी हुई है।

## इज्जतनगर पुलिस ने 92 किलो गांजा किया बरामद , तीन तस्कर गिरफ्तार





क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। थाना इज्जतनगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 92.224 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जो तीन प्लास्टिक कट्टों में 18 बंडलों के रूप में पैक था। चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम द्वारा पीलीभीत रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान पचौरी पेट्रोल पंप से लगभग 250 मीटर पहले संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों में- शाकिर खां (बरेली) सलमान (पीलीभीत) अमजद खा (बरेली) शामिल हैं पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे उड़ीसा के कटक से गांजा लाकर बरेली और आसपास के जिलों में सप्लाई करते थे। इस काम के लिए ट्रक कंटेनर और ई-रिक्शा का इस्तेमाल किया जाता था। बरामदगी में एक कंटेनर और एक ई-रिक्शा भी शामिल है। कई अन्य तस्करों के नाम आए सामने- अभियुक्तों ने पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं, जिन्हें गांजा सप्लाई किया जाता था। पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। थाना इज्जतनगर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम सहित थाना इज्जतनगर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएसपी अनुराग आर्य ने टीम की सराहना की ।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## तीसरी-चौथी रेल लाइन परियोजना से बदलेगा ट्रांसपोर्ट और व्यापार का स्वरूप



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी रेलवे परियोजना का सीधा लाभ अब नाथ नगरी को मिलने जा रहा है। कैबिनेट कॉमिटी ऑन ईकोनामिक्स अफेयरर्स की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंजूर 24,815 करोड़ रुपये की योजना में गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना बरेली के विकास को नई दिशा देगी। इससे व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि करीब 403 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड का अहम हिस्सा बरेली और इज्जतनगर मंडल क्षेत्र से होकर गुजरता है। वर्तमान में इस रूट पर ट्रेनों का दबाव 168 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिससे यात्रियों को देरी और असुविधा का सामना करना पड़ता है। नई लाइनें बनने से यह दबाव कम होगा और ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुचारु व समयबद्ध हो सकेगी। परियोजना के तहत बरेली समेत प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ कम करने के लिए बाईपास लाइन विकसित की जाएगी और नए स्टेशन भी बनाए जाएंगे। इससे लंबी दूरी की ट्रेनों को शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों से बाहर संचालित किया जा सकेगा, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। औद्योगिक दृष्टि से यह परियोजना बरेली के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। यहां के फर्नीचर, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग उद्योग को तेज और सस्ती माल ढुलाई की सुविधा मिलेगी। अनुमान है कि इस रूट पर 35.72 मिलियन टन अतिरिक्त माल परिवहन संभव होगा, जिससे व्यापार को नई गति मिलेगी।

## नगर निगम का पोर्टल 27 तक बंद...टैक्स भुगतान ठप, 1.70 लाख करदाता मुश्किल में




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। नए वित्तीय वर्ष के आगाज के साथ ही नगर निगम ने अपने डिजिटल सिस्टम की अपडेट करना शुरू करा दिया है। डेटा अपडेट और सॉफ्टवेयर मेंटेनेंस के चलते संपत्ति कर पोर्टल 27 अप्रैल तक के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे शहर के करीब 1.70 लाख करदाताओं के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है। पोर्टल बंद होने से न केवल हाउस टैक्स, बल्कि सीवर और वाटर यूजर चार्ज का भुगतान भी पूरी तरह ठप है। नगर निगम, फिलहाल नए वित्तीय वर्ष की टैक्स डिमांड फाइल तैयार करने में जुटा है, ताकि 28 अप्रैल से जब पोर्टल दोबारा खुले, तो करदाताओं को नए बिल के आधार पर भुगतान की सुविधा मिल सके। अधिकारियों के मुताबिक पोर्टल के साथ-साथ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट भी मेंटेनेंस की भेंट चढ़ गई है। इसके चलते 10 अप्रैल तक होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस से जुड़े सभी कार्य ठप रहेंगे। व्यापारी न तो नए लाइसेंस के लिए आवेदन कर पा रहे हैं और न ही पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण संभव हो पा रहा है। इस बीच, नगर निगम टैक्स वसूली के लिए नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया में भी लगा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि बैंक और तकनीकी टीम को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि 27 अप्रैल के बाद जनता को सुचारू डिजिटल सेवाएं मिल सकें।

## शादी समारोह से अपहृत 1 वर्षीय मासूम 48 घंटे में सकुशल बरामद , 5 आरोपी गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली, बदायूं। थाना इस्लामनगर क्षेत्र में शादी समारोह से अपहृत 1 वर्षीय मासूम बच्चे को पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में की गई, जिसमें सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की अहम भूमिका रही। घटना गुरुवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है, जब इस्लामनगर स्थित मोनार्क फार्म हाउस में एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान 1 वर्षीय सौरभ सो रहा था, तभी एक अज्ञात महिला उसे चुपचाप उठाकर ले गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना इस्लामनगर में तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार (ष्ठरुं'ष्ट2948) के बारे में जानकारी मिली, जो घटना स्थल के बाहर देखी गई थी। वाहन के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची, जहां पूछताछ में मुनेश ने पूरी घटना का खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी रिश्तेदार खुशबू, जो एक निजी अस्पताल में नर्स है, ने बच्चे का अपहरण किया था। आरोपियों ने बच्चे को आगरा निवासी सोनू को 70 हजार रुपये में बेचने की डील की थी, जिसमें 20 हजार रुपये एडवांस भी ले लिए गए थे। बताया गया कि सोनू की शादी के 12 साल बाद भी कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुशबू, मुनेश, दिनेश, बबली और पूजा को गिरफ्तार कर लिया तथा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## महिला शिक्षक संघ ने विद्यालय समय में बदलाव एवं जनगणना ड्यूटी के संदर्भ में सौंपा ज्ञापन




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली।महिला शिक्षक संघ बरेली ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अत्यधिक धूप,गर्मी एवं पूर्व निर्धारित विद्यालयी समयावधि से अधिक संचालित समय को दृष्टिगत रखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय में संशोधन किए जाने के संबंध मे ज्ञापन दिया गया तथा जनगणना 2026 ड्यूटी में महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते शिक्षकों की ड्यूटी से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को जिलाध्यक्ष राखी सक्सेना व अन्य शिक्षिकाओं की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा, बीएसए ने विचार किया व उनको दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला महामंत्री संगीता मित्तल, दीपाली सक्सेना, दीपशिखा जौहरी, रेनू गुप्ता, चंद्रा दियोलिया, नेहा आदि शिक्षिकाएं , पदाधिकारी मौजूद रहीं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### पीलीभीत अंत्येष्टि स्थल निर्माण में प्रदेश में अव्वल ,10 में से 9 कार्य पूर्ण, शेष एक अप्रैल अंत तक होगा पूरा

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत । वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य में जनपद पीलीभीत ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 10 अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 9 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि एक स्थल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बताया कि अनुदान संख्या-14 के अंतर्गत प्राप्त 36 प्रस्तावों में से परीक्षण के बाद 10 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। चयनित ग्राम पंचायतों को नियमानुसार ले-आउट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 18,08,730 रुपये तथा कार्य प्रगति के आधार पर द्वितीय किस्त के रूप में 6,02,910 रुपये जारी किए गए। पूरनपुर विकास खंड के पिपरिया दुलई व सिरसा, अमरिया के रोहतनियां, बीसलपुर के बौनी, गुलैंदा गौटिया व पहाड़गंज, बिलसंडा के बमरौली, ललौरीखेड़ा के गौनेरा तथा बरखेड़ा के भोपतपुर ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रामनगर जगतपुर ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा 12 मार्च 2026 को कार्यों की समीक्षा भी की गई। वहीं, 15 अप्रैल 2026 को प्रमुख सचिव पंचायती राज की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पंचायती राज पोर्टल पर पीलीभीत को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने की पुष्टि हुई।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहन जल्द भरेंगे रफ्तार, बदायूं-बरेली से लखनऊ की राह होगी आसान



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे पर 29 अप्रैल से वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ करेंगे, जिससे मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज तक का सफर काफी आसान हो जाएगा। जबकि बरेली से लखनऊ जाने वालों का सफर भी आसान होगा। यह एक्सप्रेसवे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। बदायूं जिले से गंगा एक्सप्रेसवे का 95 किलोमीटर लंबा हिस्सा गुजरा है, जो स्थानीय कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। एक्सप्रेसवे पूरा बनकर तैयार हो चुका है। कुछ एक काम बचे हैं, जो इस समय कराए जा रहे हैं।
बदायूं में बने तीन इंटरचेंज- बदायूं जिले में इस एक्सप्रेसवे पर तीन महत्वपूर्ण इंटरचेंज बनाए गए हैं। ये इंटरचेंज दातागंज, बिनावर और बनकोटा के पास स्थित हैं, जो स्थानीय निवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक्सप्रेसवे तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेंगे। इन इंटरचेंज से क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### साइबर ठगों का मिला चाइनीज कनेक्शन, डॉक्टर सहित 5 गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। साइबर ठगों के बड़े गिरोह का बरेली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी कर 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक डाक्टर भी शामिल है। चौका देने बाली बात ये है कि गैंग गा चाइनीज कनेक्शन भी सामने आया है। नेटवर्क के सदस्य व्हाट्सएप के जरिए देशभर में लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। सीओ शिवम आशुतोष ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि साइबर यूनिट ने गैंग के बारे में अहम सूचनाएं जुटाईऔर उसके बाद कार्रवाई की गई। कृष्णा कॉलोनी रोड पर खड़ी संदिग्ध कार को पकड़ा गया और उसमें सवार पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। उनकी पहचान शाकिब अली, राजकुमार, आशीष सिंह, डॉक्टर सचेंद्र कुमार और बबलू उर्फ माधोराम के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला की पकड़े गए क्रिमिनल साइबर ठग रैकेट से जुड़े हैं।

## मीटर नहीं मिनी एटीएम बन गया बिजली कनेक्शन, स्मार्ट मीटर पर भड़के किसान, 20 दिन में समाधान नहीं तो उखाड़ फेंकने की चेतावनी

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत । पूरनपुर। स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली विभाग और किसानों के बीच टकराव तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने गुरुवार को पूरनपुर स्थित विद्युत विभाग परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। यूनियन ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों पर दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे खुद मीटर हटाने के लिए मजबूर होंगे।प्रदर्शन के दौरान किसानों और महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं सामने रखीं। उनका कहना था कि पहले के मुकाबले बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। आरोप लगाया गया कि विभागीय कर्मचारी मीटर लगाने के लिए लोगों को डराते हैं और बाद में ज्यादा खर्च का भय दिखाते हैं। वहीं, प्रीपेड व्यवस्था के चलते बैलेंस खत्म होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की देखभाल प्रभावित हो रही है।यूनियन पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पूरनपुर व शेरपुर कलां सहित जनपद समेत कई जगह में बिना सहमति लगाए गए मीटरों को हटाने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बन गए हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी मीटरों को पुनः पोस्टपेड व्यवस्था में बदला जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर संशोधन किया जाए। भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी और मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा ने कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन व्यापक आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष निसार शाह, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, तहसील अध्यक्ष रुसान अहमद, रामनिवास कश्यप, मीनू बरकाती, मोंटू, सलमान, दिलशाद, नजीब, शाहिद समेत बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार वर्कशॉप में सिलिंडर लीक होने से लगी आग, किशोर की जलकर मौत, तीन की हालत नाजुक



बरेली के नवाबगंज में एक कार वर्कशॉप में शनिवार रात सिलिंडर से गैस लीक होने के कारण आग लग गई। इस घटना में गंभीर रूप से झुलसे 13 अजीत कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है।बरेली के नवाबगंज में बरखन मार्ग पर शिवा धर्मकांटे के पास स्थित कार वर्कशॉप में शनिवार रात सिलिंडर से गैस लीक होने से आग लग गई। आग बुझाने और सामान बचाने के प्रयास में 13 वर्षीय अजीत कुमार समेत चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अजीत की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेजा। अजीत कार वर्कशॉप में काम करता था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह वर्कशॉप महावीर के बेटे एसके श्री श्याम मोटर वर्कशॉप के नाम से संचालित होती है। महावीर ने नीचे दुकान और ऊपर रहने को मकान बना रखा है। उनका बेटा एस के श्री श्याम मोटर वर्कशाप के नाम से दुकान चलाता है। महावीर की बेटी विनीता की रविवार को लग्न और सोमवार को बरात आनी थी। बेटी को शादी में देने के लिए बेड, श्रृंगारदान और सोफा आदि सामान वर्कशॉप में ही रखे थे।घर की महिलाएं वर्कशॉप में खाना बना रही थीं, तभी अचानक सिलिंडर से गैस लीक होने से आग भड़क गई। महावीर, रजा हुसैन, अजीत और साहिल सामान बचाने के प्रयास में आग की चपेट में आ गए। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। परिजनों ने सभी घायलों को महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ नीलेश मिश्रा और इंस्पेक्टर अरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लीक हो रहे थे तीन सिलिंडर- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वर्कशॉप में रखे कार सिलिंडर लीक हो रहे थे। परिजन उन्हें देखने वर्कशॉप में गए थे। इसी दौरान आग लग गई। बेटी के शादी में देने वाला सामान जलता देख चारों लोग सामान बचाने दौड़े। इस दौरान वे सभी गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे अजीत की मौत हो गई। अन्य तीनों का उपचार चल रहा है।

## मीटर नहीं मिनी एटीएम बन गया बिजली कनेक्शन, स्मार्ट मीटर पर भड़के किसान, 20 दिन में समाधान नहीं तो उखाड़ फेंकने की चेतावनी





क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति ने बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अयोध्या छावनी क्षेत्र के महंत कमलनयन दास महाराज भी शामिल हुए।

समिति के संस्थापक नारायण दत्त द्विवेदी के संयोजन में रविवार सुबह से ही कार्यक्रम शुरू हो गया था। भगवान परशुराम की प्रतिमा की साफ-सफाई के बाद हवन-पूजन और आरती की गई। बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर महंत कमलनयन दास महाराज ने नारी बंधन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बिल का विरोध करने वाले सभी देशद्रोही हैं।

कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों के अलावा सर्व समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें सदर विधायक की पत्नी अनीता द्विवेदी, जिलाधिकारी की पत्नी वंदना द्विवेदी, पूर्व बसपा प्रत्याशी अरुण मिश्रा उर्फ बंटी, पूर्व शासन अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी, अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा और समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा प्रमुख थे। रितु दुबे, राम किशोर, प्रीति तिवारी और राजू गौतम सारस्वत भी मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने विप्र समाज से एकजुट होकर चलने की अपील की। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलते हुए समय के अनुसार फरसा रखने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम में पहुंचे अयोध्या छावनी क्षेत्र के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम जी महाराज समाज के देश के सुधारक रक्षक हैं। बड़ी प्रसन्नता पूर्वक आज उनके जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। भगवान श्री परशुराम जी महाराज ने हमेशा इस समाज का संरक्षण किया है। सब पर कृपा की है।

नारी बंधन अधिनियम पारित न होने के सवाल पर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तमाम राष्ट्र विरोधी लोग हैं, यहां पर हमारी अस्मिता है, राष्ट्र, धर्म है, कर्म है, पूजा है, पद्धति है। आज राष्ट्र विरोधी विचार पनपते जा रहे है। और आज समाज को जात-पांत में बांटते चले जा रहे हैं समाज की क्या दशा होगी।

### संक्षिप्त समाचार

## चारधाम यात्रा का दिल्ली-दून हाईवे पर असर, मेरठ में सिवाया टोल पर जाम, 24 घंटे में गुजरे 50 हजार वाहन

चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है और यात्री फास्टैग की जांच किए बिना ही वाहन लेकर निकल रहे हैं। इस कारण टोल प्लाजा पर वाहन अटक रहे हैं और धीमी रफ्तार से चल रहे हैं। वहीं सड़कों पर वाहनों की संख्या सामान्य से कहीं ज्यादा हो गई है।

चारधाम यात्रा शुरू होते ही वीकेंड पर दिल्ली-दून हाईवे पर यातायात का दबाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। इसका सबसे गंभीर असर मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा पर देखा गया, जहां दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और गाड़ियां घंटों रेंग-रेंग कर आगे बढ़ती रहीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।टोल प्लाजा पर यातायात का भारी दबाव- टोल प्रशासन के अनुसार, शनिवार और रविवार को 24 घंटों में 50 हजार से अधिक वाहन सिवाया टोल प्लाजा से होकर गुजरे। यह संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है, जिस कारण टोल प्लाजा पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। बढ़ते दबाव को नियंत्रित करने के लिए टोल कर्मियों को तीन लेन को विपरीत दिशा में खोलना पड़ा, तब जाकर कुछ हद तक राहत मिल सकी। इसके बावजूद दौराला की ओर से लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में निर्धारित समय से कई घंटे अधिक लगे।फास्टैग की समस्या ने बढ़ाई मुश्किलें यातायात जाम की समस्या को और बढ़ाने में खराब और ब्लैकलिस्टेड फास्टैग का बड़ा योगदान रहा। टोल प्लाजा पर स्कैनिंग के दौरान कई वाहनों के फास्टैग रीड नहीं हो पाए, जबकि कुछ टैग ब्लैकलिस्टेड पाए गए। ऐसे वाहनों को कैश लेन में भेजा गया, जिससे टोल पार करने में लगने वाला समय बढ़ गया और जाम और गहरा हो गया। यात्रियों की प्रतिक्रिया और व्यवस्था पर सवाल- यात्रियों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि चारधाम यात्रा के दौरान हर साल यातायात बढ़ता है, से बचा जा सकेगा।


## आसमान से बरसने लगी आग, झुलस रहे चेहरे; अस्पतालों में स्किन बर्न, लाल चकत्ते, डैंड्रफ के रोगी बढ़े



अयोध्या में आसमान से बरस रही आग से अस्पताल में त्वचा रोगियों की भीड़ बढ़ गई है। विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। ओपीडी में स्किन बर्न, लाल चकत्ते, डैंड्रफ आदि के के अयोध्या में आसमान से बरस है। जिला अस्पताल की ओपीडी जहां स्किन बर्न, लालिमा, संख्या में इजाफा हुआ है। की अपील है।जिले में पिछले सुबह 11 बजे तक ही तापमान के चक्कर में लोग बाहर निकलने का सीजन शुरू होने के कारण है। इस बीच जरा सी लापरवाही शनिवार को जिला अस्पताल की तेज धूप का दुष्प्रभाव साफ आ रहे वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ के कारण लोगों के चेहरे लाल चेहरे व शरीर पर लाल दाने रोगियों की भरमार होने लगी है।यूपी रही आग लोगों के चेहरे झुलसाने लगी से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, अधेड़ी, डैंड्रफ आदि के रोगियों की विशेषज्ञों ने इन दिनों खास सतर्कता बरतने एक सप्ताह से सूरज की तपिश बढ़ी है। 40 डिग्री पार कर रहा है। रोजी-रोटी को विवश हैं। ऊपर से शादी-विवाह भी लोगों का घर से निकलना मजबूरी उन्हें बीमार कर रही है। हमारी टीम ने चर्म रोग ओपीडी का जायजा लिया तो दिखा।कई लोग वायरल की चपेट में डॉ. आरबी वर्मा ने बताया कि तेज धूप हो रहे हैं। उन्हें अधेड़ी भी हो रही है। निकल रहे हैं। जांघों पर चकत्ते बन रहे हैं, जो बाद में दाद का रूप ले रहे हैं। सिर में पसीने के कारण डैंड्रफ का खतरा बढ़ा है। इसके अलावा चिकन पॉक्स, लाल दानों के साथ बुखार और चकत्ते आदि की समस्या बढ़ी है। कई लोग वायरल की चपेट में भी आ रहे हैं। रोज की ओपीडी में लगभग 40त्न मरीज इन्हीं समस्याओं से पीड़ित होकर आ रहे हैं।- इस तरह करें बचाव- डॉ. आरबी वर्मा ने बताया कि यदि संभव हो तो धूप में निकलने से बचें। जरूरी काम से निकलना भी है तो सिर पर सफेद रंग की टोपी लगाएं। पूरी बांह के हल्के व ढीले सूती कपड़े पहनें। खूब पानी पियें, रसदार फल का सेवन करें। तले-भुने खाद्य पदार्थों से परहेज करें। छांछ, दही व अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। सुबह हल्का नाश्ता जरूर लें और जंक फूड से बचें। किसी तरह की दिक्कत होने पर खुद से क्रीम या दवाओं का सेवन न करके चिकित्सीय परामर्श जरूर लें।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहन जल्द भरेंगे रफ्तार, बदायूं-बरेली से लखनऊ की राह होगी आसान

गंगा एक्सप्रेसवे पर जल्द ही वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई से गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। इस एक्सप्रेसवे का 95 किमी हिस्सा बदायूं जिले से गुजरता है। इस पर यातायात शुरू होने से बदायूं के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।



उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे पर 29 अप्रैल का शुभारंभ करेंगे, जिससे मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज सफर भी आसान होगा। यह एक्सप्रेसवे राज्य के आर्थिक का 95 किलोमीटर लंबा हिस्सा गुजरा है, जो स्थानीय एक काम बचे हैं, जो इस समय कराए जा रहे हैं।बदायूं में गए हैं। ये इंटरचेंज दातागंज, बिनावर और बनकोटा के तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेंगे। इन इंटरचेंज से क्षेत्र के पुलिस पिकेट सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, पूरे इसके साथ ही, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के करने के लिए एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तारों के बाड़ कदम यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा के लिए महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसकी करेगी। एक्सप्रेसवे पर आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियों ऑटोमेटिक ऑनलाइन चालान भी हो जाएगा। यह न परियोजना का उद्देश्य राज्य में कनेक्टिविटी को मजबूत होकर गुजरेगा, जिससे उन क्षेत्रों में भी विकास की नई से वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस महत्वाकांक्षी परियोजना तक का सफर काफी आसान हो जाएगा। जबकि बरेली से लखनऊ जाने वालों का और सामाजिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। बदायूं जिले से गंगा एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। एक्सप्रेसवे पूरा बनकर तैयार हो चुका है। कुछ बने तीन इंटरचेंज- बदायूं जिले में इस एक्सप्रेसवे पर तीन महत्वपूर्ण इंटरचेंज बनाए पास स्थित हैं, जो स्थानीय निवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक्सप्रेसवे विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।हर 15 किलोमीटर दायरे में रहेगी एक्सप्रेसवे पर हर 15 किलोमीटर के दायरे में पुलिस पिकेट तैनात की जाएगी। लिए एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित लगाए गए हैं, ताकि आवारा पशुओं या अनधिकृत प्रवेश को रोका जा सके। यह है।आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियां भी स्थापित, सीसीटीवी कैमरे लगे गंगा जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के बुनियादी ढांचे के डिजाइन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो तीव्र और कुशल यात्रा सुनिश्चित के साथ सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं। तेज गति से वाहन चलाने पर केवल यात्रियों के लिए बल्कि माल ढुलाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण मार्ग बनेगा। करना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह एक्सप्रेस-वे कई जिलों से संभावनाएं खुलेंगी।औद्योगिक कॉरिडोर का होगा निर्माण- गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे एक महत्वाकांक्षी औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। जिले के दातागंज व बिनावर और बनकोटा के पास इसके लिए भूमि भी चिन्हित की गई है। यह कॉरिडोर राज्य में निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। सरकार इस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है। अभी सन्नाटा, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक-एक्सप्रेसवे पर इस समय सन्नाटा है। यहां पर अभी छोटे व बड़े वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा है। रविवार को संवाद न्यूज एजेंसी की टीम ने बिनावर से बनकोटा व दातांग तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में एक्सप्रेसवे का जायजा लिया। यहां पर निर्माण कंपनी से जुड़े इक्का-दुक्का वाहन ही निकलते मिले। इसके अलावा सन्नाटा दिखा। हालांकि क्षेत्रीय लोगों में एक्सप्रेसवे संचालन को लेकर उत्साह जरूर देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि इससे रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। किनारे व बीच में हरियाली के लिए लगाए जाएंगे पौधे-एक्सप्रेस के बीच में डिवाइडर की जगह व दोनों साइड किनारों पर पेड़ भी लगाए जाएंगे।इसके लिए तैयारी की जा रही है। हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पेड़ लगाए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक तैयारियां चल रही है। बीते दिनों यूपीडी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने जब निरीक्षण किया था तो वृक्षारोपण भी किया था। अभी और होगा रन ट्रायल- पीएम मोदी के कार्यक्रम के पहले अभी एक्सप्रेसवे पर रन ट्रायल किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां चल रही हैं। जिन जिलों से एक्सप्रेसवे निकल रहा है वहां पर बारीकी से सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। जिससे संचालन के बाद यहां कोई समस्या सामने न आ सके। डीएम अवनीश राय ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है। एक्सप्रेसवे पर वाहनों का संचालन शुरू होने से लोगों को बेहतर सफर करने का मौका मिलेगा। सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
20 April 2026


# जिलाधिकारी ने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ यात्रियों को किया विदा, मुख्यमंत्री लखनऊ से दिखाएंगे हरी झंडी




क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप/फर्रुखाबाद,- जिलाधिकारी श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के लिए जनपद के 10 यात्रियों के दल को विधिवत मंत्रोच्चार के बीच माल्यार्पण कर वाहनों से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से परिपूर्ण रहा। जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने यात्रियों से अनुशासन एवं मर्यादा का पालन करते हुए यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं को एकत्रित कर विशेष ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा शासन की महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रदेशवासियों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों से जोड़ना है।जनपद फर्रुखाबाद से इस यात्रा में सम्मिलित होने वाले यात्रियों में सर्वश्री त्रिलोकी नाथ वर्मा, श्रीमती चेतन भारती, श्रीमती शांति, श्री सुरेंद्र कुमार पांडेय, श्री राकेश कुमार सारस्वत, श्री यतीन्द्र प्रकाश दुबे, सुश्री निहारिका पटेल, पं. अजय पाल, श्री राकेश एवं श्री अंकुर कुमार कश्यप शामिल हैं। यात्रा दल की नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती सोनाली सिंह को नामित किया गया है, जो सम्पूर्ण यात्रा के दौरान समन्वय एवं व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के सफल संचालन की कामना की।

# इटावा-बरेली हाईवे पर भीषण सड़क हादसा: डंपर की टक्कर से किशोर की मौत, पिता लोहिया अस्पताल रेफर







क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप/फर्रुखाबाद,-फर्रुखाबाद में डंपर ने पिता-पुत्र को कुचला, बेटे की मौत: पिता गंभीर घायल, गैस एजेंसी से लौटते समय हुआ हादसा फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद में इटावा-बरेली हाईवे पर एक अज्ञात डंपर ने गैस सिलेंडर लेने गए पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में 15 साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गैस एजेंसी से लौटते समय हुआ हादसा- नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव के रहनेवाले नरेंद्र कुमार (40) बेटे गगन (15) के साथ रविवार सुबह करीब 10:30 बजे सकवाई स्थित भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने गए थे। एजेंसी पर गैस न होने के कारण वे दोपहर करीब 12 बजे वापस लौट रहे थे। तभी इटावा-बरेली हाईवे पर ग्राम तेरा की मोड़ के सामने पीछे से आ रहे एक डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गगन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पिता जिला अस्पताल रेफर- सूचना मिलने पर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल नरेंद्र कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सनी मिश्रा ने उन्हें राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक गगन अपने दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई मिथुन (18) मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है, और एक बहन हिमांशी (6) है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। उप निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया - कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी और अपराध निरीक्षक मुन्ना लाल यादव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।

## संक्षिप्त समाचार

# दुष्कर्म मामले में आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी।कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 को फरियादिया ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता ने पूर्व में महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी साविर शेख से 30 हजार रुपये उधार लिए थे, जिन्हें बाद में लौटा दिया गया था। इसी दौरान फरियादिया की आरोपी से पहचान हो गई। आरोपी को यह जानकारी थी कि फरियादिया अपने पति से अलग रहती है, जिसका फायदा उठाकर उसने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसे पुन: मिलने के लिए दबाव बनाया और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर फरियादिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 291/26 धारा 69 एवं 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन राठौड़ के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोहित दुबे द्वारा टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साविर शेख (35 वर्ष) को उसके निवास महाराणा प्रताप कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है तथा मामले में आगे की जांच जारी है। सराहनीय भूमिका: इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे, उप निरीक्षक सुमित शर्मा, उप निरीक्षक भावना राठौर, प्रधान आरक्षक राजवीर सिंह एवं आरक्षक मोनिका धाकड़ की विशेष भूमिका रही।




# भारतीय किसान संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन; चने की खरीदी में तेवड़ा मिक्सिंग पर प्रतिबंध हटाने की मांग की



क्यूँ न लिखूँ सच/ हाकम सिंह रघुवंशी/ ?त्योंदा/ भारतीय किसान संघ तहसील इकाई त्योंदा द्वारा दिन शनिवार को क्षेत्रीय विधायक माननीय हरि सिंह रघुवंशी को केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने वर्तमान में चल रही चना खरीदी में तेवड़ा (खेसारी दाल) के मिश्रण को प्रतिबंधित किए जाने का विरोध किया है और किसानों के हित में इसे मान्य करने की मांग की है। ?प्रमुख मुद्दे: क्यों हो रहा है विरोध? ?ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश सरकार एमएसपी (MSP) पर चने की खरीदी कर रही है, लेकिन एफएक्यू (FAQ) मानकों में तेवड़ा की मिक्सिंग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके कारण विदिशा जिले में चने की खरीदी प्रभावित हो रही है और किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। संघ का तर्क है कि तेवड़ा एक प्राचीन और पौष्टिक दाल है, जिसे संतुलित मात्रा में उपयोग करने पर स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। तिनिधिमंडल की उपस्थिति: इस अवसर पर भारतीय किसान संघ जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव त्यौंदा तहसील अध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत सुमेर तहसील मंत्री माधव प्रसाद दुबे रसूलपुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही गंज बासौदा के देवी सिंह रघुवंशी तहसील अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी मंत्री भवानी शंकर शर्मा भी ज्ञापन कार्यक्रम मे मौजूद थे मांग: भारतीय किसान संघ का अनुरोध है कि चने में तेवड़ा के मिश्रण को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित न किया जाए, ताकि क्षेत्रीय किसानों का चना सुचारू रूप से खरीदा जा सके और उन्हें आर्थिक नुकसान न हो।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के दौरे की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने पिछोर-भौंती व शिवपुरी का किया निरीक्षण





क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 25 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने पिछोर, भौंती और शिवपुरी में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पिछोर में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवीन तहसील कार्यालय भवन में पाई गई कमियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही मोती सागर तालाब एवं पिछोर किले का भी निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने तालाब की साफ-सफाई की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जानकारी भी दी।

भौंती में जनसुनवाई स्थल का चयन- भौंती में प्रस्तावित जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए कलेक्टर ने पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, लेकिन पर्याप्त स्थान न होने के कारण काइट ग्लोबल स्कूल परिसर को कार्यक्रम स्थल के रूप में चयनित किया गया। कलेक्टर ने यहां टेंट, कूलर, बिजली और आमजन के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिवपुरी में स्कूल और कॉलेज का निरीक्षण- पिछोर से लौटकर कलेक्टर ने शिवपुरी में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनसुनवाई के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कोटा के परिसर का चयन किया गया। इसके अलावा सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) का निरीक्षण किया, जिसका लोकार्पण केंद्रीय मंत्री द्वारा किया जाएगा।

इसके साथ ही सतनवाड़ा स्थित यूआईटी आरजीपीवी इंजीनियरिंग कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया, जहां केंद्रीय मंत्री छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगे। कलेक्टर ने कॉलेज के लैब, ऑडिटोरियम एवं सभागार का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निर्मित सीओई लैब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विजय राज, एसडीएम ममता शाक्य, अतिरिक्त सीईओ एन.एस. नरवरिया सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसडीएम अजय प्रताप सिंह के निर्देश: जल्द सुधरेंगे बिजली के तार और हटेगा रास्तों से अतिक्रमण



क्यूँ न लिखूँ सच/ हाकम सिंह रघुवंशी/ किसानों की कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर एसडीएम महोदय से चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने जल्द निराकरण का भरोसा दिया। चर्चा के प्रमुख बिंदु और आश्वासन:

1. स्लॉट बुकिंग जल्द स्लॉट बुकिंग का भरोसा दिया। सभी किसानों के अनाज की तुलाई होगी।
2. तुलाई: चना, मसूर, सरसों की तुलाई का भरोसा दिया गया।
3. मशीनों की मांग: खेतों को नापने वाली मशीनों की मांग की गई। 4. फायर ब्रिगेड: जनपद पंचायत के हिसाब से फायर ब्रिगेड की संख्या बढ़ाई जाए।5. अतिक्रमण: जल्द रास्ते अतिक्रमण मुक्त होंगे। 6. बिजली व्यवस्था: एसडीएम महोदय ने जेई को जल्द अभियान चलाकर बिजली के तार ठीक करने के निर्देश दिए। बैठक में सम्मिलित भारतीय किसान संघ से जिला कार्यालय मंत्री मनोहर सिंह राजपूत बरखेड़ा जागीर ,प्राण सिंह रघुवंशी जिला सदस्य भीम सिंह मीणा, तहसील मंत्री रामबाबू मीणा मीडिया प्रभारी रूप सिंह मीडिया प्रभारी संजय राजपूत, रूपनारायण धाकड, हिम्मत सिंह रघुवंशी , आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# शिवपुरी में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह, कलेक्टर व विधायक ने दिया आशीर्वाद





क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। शिवपुरी के गांधी पार्क मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा तथा विधायक देवेन्द्र जैन ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता रावत, जिला पंचायत सीईओ विजय राज एवं जनपद पंचायत सीईओ ब्रम्हेन्द्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने सभी नवदंपतियों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि फिजूल खर्च से बचकर इस तरह के आयोजन समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक सामूहिक विवाह की परंपरा को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में नवदंपतियों को वैवाहिक सामग्री भी प्रदान की गई। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Your favorite jeans won't fade! Just try these 4 hacks to keep your clothes looking fresh.

If you don't want to replace your favorite jeans for a long time, a few simple precautions can prove to be very beneficial. It's not necessary to wash your jeans every time. Always read the label instructions before washing them - turn them inside out and wash them in cold water. If you pair jeans with every top, shirt, or kurta, then this article on jeans care is for you. If properly cared for, jeans can last for years. Let's learn how. Washing every time isn't necessary - It's not necessary to wash jeans after wearing them just once or twice, especially if you don't do much outdoor or strenuous work. Here's how to maintain your jeans' hygiene: Whenever you return from outside, take them off and let them air dry. This will remove moisture. Instead of wearing the same jeans repeatedly, allow at least a day between wears. This restores the jeans' original shape and prevents them from fading quickly. Use a steam iron or clothes steamer to remove food or other odors. If a stain has formed on a particular area, wipe only that area with a damp cloth, not the entire jeans. Read the label before washing. Always read the washing instructions on the jeans label before cleaning them, especially if you're washing them for the first time. Some jeans may also be labeled "dry clean only." Therefore, avoid trying to wash them at home. Wash them inside out. Whenever washing jeans, turn them inside out. This will prevent the color from fading quickly. You should also do the same with light-colored jeans. Also, choose cold water for washing them. This way, jeans will remain wrinkle-free. Don't leave them in the machine for long periods of time. Remove them immediately after washing and shake them thoroughly. This will remove any excess wrinkles while drying. Always air dry your jeans, this reduces the risk of them shrinking.




# Run out of makeup remover? Don't worry, these 5 kitchen ingredients will work wonders.

Whether it's sticky mascara or foundation that's been sitting on for hours, you can easily remove it without makeup remover. If you don't have makeup remover, try home remedies: olive oil, coconut oil, baby oil, and aloe vera are effective options. Be careful around your eyes and moisturize your skin. Returning home from a party and finding your makeup remover bottle empty can be frustrating. These DIY solutions can easily remove makeup without remover, just be careful. Olive oil is a great DIY solution for removing makeup, not just for cooking. You can easily remove eye makeup with it. Lightly dampen a cotton ball, dip it in olive oil, and swipe away any makeup around your eyes. Your mascara will be easily removed in minutes. Coconut oil - While any oil is considered good for removing makeup, coconut oil is a better option for dry skin or acne. Baby oil - This oil is considered safe to use on most skin types. It not only removes makeup easily but also moisturizes the skin. It also doesn't clog your pores. Simply massage a little baby oil onto your fingers, then wipe it off with a cotton ball and rinse. Oil and baking soda - If your foundation is long-lasting, you can mix a pinch of baking soda with the oil. Avoid applying this mixture around the eyes; use it only on the face. Be sure to wash your face thoroughly afterward. Aloe vera - Aloe vera provides a cooling sensation and relief for sensitive skin. Light and non-waterproof makeup can be effectively removed with aloe vera. Remove makeup by gently massaging your face with a cotton ball or your fingers with a little aloe vera gel. Keep these things in mind: The skin around the eyes is very thin, so do not rub this area vigorously while using any DIY solution. For waterproof mascara, apply the remover on a cotton ball and leave it around the eyes for 25-30 seconds. Only then proceed to remove makeup. After removing makeup, do not forget to wash your face with a mild cleanser and moisturize.




# Asking AI for a cure? Beware! 50% of medical advice turns out to be inaccurate and dangerous.

Many people today seek information from AI about disease symptoms and medications, but not all chatbot answers are correct. 50% of medical advice from AI chatbots found to be inaccurate - The study analyzed five leading generative AI chatbots - Incorrect information poses the risk of ineffective or harmful treatments. Analysis of the answers to health and medical questions from five chatbots revealed that a significant portion of medical information is inaccurate and incomplete. The findings, published in The British Medical Journal Open, also showed that nearly half of the answers presented an inaccurate balance between science and non-science-based claims. A 'problematic answer' was considered one that could lead ordinary users to treatments that may not be effective or, if implemented without expert advice, could cause harm. Researchers from The Quist Institute for Biomedical Innovation at Harbor University of California Los Angeles (UCLA) Medical Center in the US, among others, said that while generative AI chatbots are rapidly being adopted in research, marketing, and medicine, and are also being used as search engines, their continued use without public awareness and oversight risks further spreading misinformation. Five publicly available and widely used generative AI chatbots: Google's Gemini, High Flyer's DeepSeek, Meta AI by Meta, Open AI's ChatGPT, and X AI's Grok were prompted with 10 open- and closed-ended questions across five categories: cancer, vaccines, stem cells, nutrition, and athletic performance. These prompts were designed to mimic common "information-seeking" health and medical questions, the language used in online misinformation, and academic discussions. These prompts were also used to test and identify behavioral weaknesses in AI models by "pushing" them toward misinformation or harmful advice. Responses were categorized into three categories: "unproblematic," "somewhat problematic," or "highly problematic," based on objective and pre-defined criteria. Responses were scored based on the accuracy and completeness of the information provided. Particular attention was paid to whether the chatbot presented a "false balance" between science-based and non-science-based claims, regardless of the strong evidence supporting those claims. Chatbots performed poorly in providing answers - The research authors wrote that the tested chatbots performed poorly in answering questions in areas such as health and medicine, where the risk of spreading misinformation is high. They said, "Nearly half (49.6 percent) of the answers were problematic, with 30 percent somewhat problematic and 19.6 percent very problematic. The researchers reported that Grok produced significantly more problematic answers than expected.

